से लेकर Bhattacharya तक और अमेरिका में बैठी हुई भारतीय मूल की Gayatri Smriti Bhat, इन तीनों ने वैचारिक बात कही और हम decolonization पर सेमिनार करते रहे, हम लोग लेख लिखते रहे कि प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी दुनिया के अकेले शासक हैं, अकेले ऐसे प्रधान मंत्री हैं, जिन्होंने राजनैतिक आजादी के बाद वैचारिक आजादी को, सांस्कृतिक आजादी को, सामाजिक आजादी को अपना एक मिशन बनाया और इस मिशन के कारण वह अखबार, चीन का Global Times जो भारत का आलोचक है, लेकिन जब एक शक्ति के साथ, एक उद्देश्य के साथ काम होता है, तो उसके बारे में Global Times ने लिखा, 30 मई, 2023 को अपने सम्पादकीय में समर्थन करते हुए लिखा ...(**समय की घंटी**) ... उपसभापति महोदय, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त करता हूं। 'We emotionally support India's move for decolonization.' और मैं इससे जोड़ता हूं कि The Guardian अखबार ने 19 मई, 2014 को प्रधान मंत्री जी के बारे में लिखा कि Modi's new tryst with destiny, उसने जो कहा था कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारत की सांस्कृतिक, वैचारिक पृष्ठभूमि को अंग्रेज़ियत से अलग करना चाहते हैं, he is a gifted politician. आज हम इस बात को देख रहे हैं। आज पूरी दुनिया में इस बात की चर्चा हो रही है कि decolonization का एजेंडा पूरी दुनिया में मुख्य धारा का एजेंडा बन चुका है। आज प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने यह साबित कर दिया है कि यदि देश को अपनी अस्मिता के आधार पर, अपने पैरों पर चलकर आगे बढ़ना है, तो उसे अपने आपको विदेशी दासता से मुक्त करना पड़ेगा। मैं उनके लिए दो पंक्ति बोलता हूं, जो प्रधान मंत्री मोदी जी ने decolonization का संदेश पूरी दुनिया को दिया है,

"दिशा दीप्त हो उठी प्राप्त कर
पुण्य प्रकाश तुम्हारा,
लिखा जा चुका अनल-अक्षरों
में इतिहास तुम्हारा।"

बहुत-बहुत धन्यवाद।

MESSAGE FROM LOK SABHA - *Contd.*

The Press and Registration of Periodicals Bill, 2023

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Message from the Lok Sabha. Secretary-General.

SECRETARY-GENERAL: Sir, with your kind permission, I rise to report that the Lok Sabha, at its sitting held on 21st December, 2023, has agreed, without any amendment, to the Press and Registration of Periodicals Bill, 2023, which was passed by the Rajya Sabha, at its sitting held on 3rd August, 2023.